आकाशवाणी केन्द्र शिमला
31.05.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1800बजे

मंत्रिमंडल

प्रदेश मंत्रिमंडल ने गृह रक्षकों के सात सौ पद भरने को मंजूरी दी है। शिमला में आज मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। इसके अलावा इस वर्ष 31 मार्च तक दो वर्ष का अनुबंध कार्यकाल पूरा करने वाले पंचायत सचिवों की सेवाएं नियमित करने का निर्णय भी लिया गया। उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने पत्रकारों को मंत्रिमंडल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए बताया कि रेरा के कार्यालय को शिमला से धर्मशाला स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बैठक में दिसम्बर में होने वाले पंचायतीराज चुनावों में नए सिरे से आरक्षण रोस्टर लागू करने को भी मंजूरी दी गई।

मनसुख मांडविया

केंद्रीय श्रम व रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने आज सिरमौर ज़िले के कालाअंब में 30 बिस्तरों वाले ई.एस.आई.सी. अस्पताल का उद्घाटन किया। इसके निर्माण पर लगभग सौ करोड़ रुपये की लागत आई है। मांडविया ने कहा कि इस अस्पताल के माध्यम से एक लाख से अधिक लोगों को चिकित्सा सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि भविष्य में इसे सौ बिस्तरों वाले अस्पाल के रूप में विकसित किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में केंद्र सरकार ने कई क्रांतिकारी निर्णय लिए हैं और करोड़ों लोगों को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल रहा है।

सांसद सुरेश कश्यप और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल भी इस मौके मौजूद रहे।

सर्वदलीय शिष्टमंडल

आतंकवाद को जड़ से समाप्त करने के प्रति भारत का संकल्प व्यक्त करने के उद्देश्य से सात बहुदलीय संसदीय शिष्टमंडल विदेशों में उच्च स्तरीय वार्ता कर रहे हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व वाले शिष्टमंडल ने आज कोलम्बिया में उप–विदेश मंत्री रोजा योलांदा विलाविसेंसियो और वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की। सोशल मीडिया पोस्ट  में शशि थरूर ने बताया कि उन्होंने हाल की घटनाओं पर भारत के विचारों से उन्हें अवगत कराया है और पाकिस्तान को हार्दिक संवेदना देने वाले कोलम्बिया के बयान पर नाराज़गी ज़ाहिर की है। उन्होंने यह भी बताया कि कोलम्बिया के मंत्रियों ने आश्वासन दिया था कि यह बयान वापस ले लिया गया है और अब भारत की स्थिति उन्हें सही तरीके से समझ में आ गई है, जिसका वे भरपूर समर्थन करते हैं। शशि थरूर ने कहा कि भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य होने के नाते उससे जुड़े मूल्यों से पूरी तरह सहमत है। उन्होंने यह भी बताया कि भारत के विचार से विकासशील देशों की प्रगति बहुत महत्वपूर्ण है।

रणधीर शर्मा

भाजपा प्रवक्ता और विधायक रणधीर शर्मा ने राज्य सरकार पर राज्य ऊर्जा निगम के मुख्य अभियंता दिवंगत विमल नेगी की संदिग्ध मौत के मामले में राज्य सरकार पर दोषियों को बचाने का आरोप लगाया है। बिलासपुर में आज एक पत्रकार वार्ता में उन्होंने बताया कि जब से विमल नेगी लापता हुए, तब से ही राज्य सरकार की कार्य प्रणाली शक के दायरे में रही है। रणधीर शर्मा ने कहा कि यदि सरकार इस मामले की निष्पक्षता से जांच कराना चाहती है तो साक्ष्यों के साथ छेड़छाड़ न कर सीबीआई को पूरा सहयोग करें।

विश्व तंबाकू दिवस

आज विश्व तंबाकू निषेध दिवस है। इस मौके पर प्रदेशभर में कई कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया गया। हमीरपुर में स्कूली विद्यार्थियों ने रैली निकाली और नुक्कड़ नाटकों का आयोजन किया। इस मौके पर लोगों को तंबाकू का सेवन न करने का आहवान किया गया।

———————————————